एक नजर

नेकी की दीवार के माध्यम से गर्म कपड़े वितरित

पिपरिया अमृतसेवा समिति द्वारा आदिवासी ग्रामो में कडक़ड़ाती ठंड में जरूरतमंदो को गर्म कपडो का वितरण नेकी की दीवार के माध्यम से किया जा रहा है। सोहागपुर विकासखंड के आदिवासी ग्राम उडदोन सहित टेकापार,घोघरी व सेहरा के ग्रामीणो को ठंड से बचने के लिये गर्म कंबल,स्वेटर,जेकेट तथा दैनिक उपयोग के कपडे वितरित किये गये। चारो ग्राम सतपुडा टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में है तथा पर्यटन स्थल मढई के नजदीक है तथा मूल रूप से यहां पर आदिवासी ग्रामीणजन निवास करते है जो कि आर्थिक रूप से बेहद पिछडे हुए है। नेकी की दीवार का आयोजन ग्राम उडदोन के माध्यमिक विद्यालय में किया गया जहां आसपास के ग्रामीणजन एकत्रित हुए जिन्हे 25 से अधिक अमृतसेवको के द्वारा 175 कंबल,150 स्वेटर लगभग 100 से अधिक साडियां सहित नये कपड़े साथ ही अन्य दैनिक उपयोगी कपडे भी वितरित किये गये। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अभिलाष चंदेल, सजल शर्मा,गोलू अग्रवाल,राजुलदेव दरबार के सदस्यों सहित पूर्व सैनिक नीलम पटेल,अजय सोनी, अमृत सेवा समिति के मनोज नागौत्रा, कैलाश बाथरे, पंकज सोनी, पूर्व सैनिक केशरसिह चौधरी, बलराम पाटर,तुलसीराम अहिरवार भी शामिल हुए।

कांग्रेस की मजबूरी, विधायक के घर से दूरी

दूषित जल पीने से इंदौर में हुई17 मौतों को लेकर इटारसी में कांग्रेस जन द्वारा विधायक के घर का घेराव कर निभाई रस्मअदायगी

नवभारत न्यूज

इटारसी,05 जनवरी, कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा सत्तादल के नेताओं से बात करने के बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की. बताया जाता है कि, कांग्रेस में नियुक्ति का मामला हो या कोई जन आंदोलन हो तो भी कांग्रेस पदाधिकारी सीधे विधायक से बात कर अपनी रस्मअदायगी निभाकर कांग्रेस पार्टी के आदेशों का पालन कर लेते हैं और वे कहते हैं कि हमें प्रदेश स्तर से जो जनआंदोलन करने की जिम्मेदारी मिलती है उसे हम पूरी ईमानदारी से करते हैं. ऐसा ही आज पहली बार नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के निवास पर जाकर घंटा बजाना था. पर कांग्रेस की मजबूरी थी कि उन्हें पदाधिकारी बने रहना है तो भाजपा से अपने संबंध मधुर बनाए रखना है. शहर में आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक के घर का घेराव सम्मानित कांग्रेस जनों द्वारा किया गया ज्ञात रहे कि पत्रकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री से पूछे गए दूषित जल पीने से 17 मोंतो के सवाल के जवाब में मंत्री द्वारा अशोभनीय टिप्पणी की गई ।जिसे लेकर आज इटारसी शहर में क्षेत्र के विधायक के घर का घेराव कांग्रेस जन द्वारा किया गया। एवं घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आज सुबह से ही सूरजगंज चौराहा पर कांग्रेस जन एकत्रित हो गए थे ।

प्रदेश सरकार को जगाने बजाया घंटा

हरदा – जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को घंटा बजाकर प्रदेश सरकार को घेरा,वहीं इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से हुई मौतों पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के शर्मनाक बयान की निंदा करते हुए उनके इस्तीफे की मांग भी की।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस का घंटा बजाओ प्रदर्शन किया गया।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पूर्व विधायक संजय शाह के निवास स्थान एवं जिला भाजपा कार्यालय पर भी प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में घंटे लेकर भाजपा कार्यालय पहुंचे और वहां जमकर नारेबाजी की। वहीं कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक संजय शाह के निवास के बाहर भी घंटा बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा एक तरफ शहर के लोग दूषित पानी पीकर दम तोड़ रहे हैं और दूसरी तरफ जिम्मेदार मंत्री संवेदनहीन भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। हम सोई हुई सरकार को जगाने के लिए यह घंटे बजा रहे हैं।और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग करते है तत्काल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा ले और जो 16 बच्चों की जान गई है उनके परिवार को 2 – 2 करोड़ रुपए का मुआवजा दे और प्रत्येक परिवार में 1 – 1 व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे।

तवानगर में तवा जलाशय पर पूजन, नुक्कड़ सभा कर किसान कांग्रेस की यात्रा प्रारंभ

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान के अनुसार प्रदेश में 5 जनवरी से सभी जिलों में प्रारंभ होने वाली किसान जन जागरण यात्रा का नर्मदापुरम जिला किसान कांग्रेस द्वारा तवानगर से यात्रा का प्रारंभ हुआ। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने बताया कि यात्रा के प्रारंभ के प्रथम दिन किसानों को समृद्धि देने वाले तवा जलाशय पर पहुंचकर पूजन अर्चन कर शुरुआत की गई तवानगर इंदिरा चौक पर नुक्कड़ सभा कर स्थानीय व किसानी समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय,राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष हेमू कश्यप,पूर्व सरपंच प्रदीप दुबे,वरिष्ठ नेता अजय शुक्ला,पूर्व पार्षद नरेश चौहान, तवानगर पूर्व सरपंच कौशल्या बाई,जीतू भूमरकर,आशीष मिश्रा,दिलीप ,रामपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश मालवीय,विजय मालवीय,आमीर पटेल,भरत चौरे,बाबई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू,जनपद सदस्य विजय कावरे,भैरोसिंह,केसला युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमन गालर,सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी,सेवादल नगर अध्यक्ष,पार्षद दिलीप गोस्वामी,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, अनुसूचित कांग्रेस विभाग जिला अध्यक्ष अजय अहिरवार,पूर्व सरपंच राकेश चंदेले,संतोष बामने की उपस्थिति रही।

तवानगर में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

पं. शर्मा ने कहा कि तवानगर के 10 से 14 वर्ष के प्रतिभावान बच्चों को प्रशिक्षित कर राज्य स्तर तक पहुँचाया जाएगा।

नवभारत न्यूज

तवानगर, 05 जनवरी स्थानीय बढ़ मैदान पर भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ तैराकी संघ के अध्यक्ष पंडित पीयूष शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पं. शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए घोषणा की कि तैराकी संघ द्वारा तवानगर के 10 से 14 वर्ष के प्रतिभावान बच्चों को प्रशिक्षित कर राज्य स्तर तक पहुँचाया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरस्कार समिति द्वारा विजेता को राशि रू. 21,000 एवं उपविजेता को राशि रू. 11,000 की नकद राशि प्रदान की जाएगी। उद्घाटन मैच चीचा और नर्मदापुरम के बीच खेला गया। कार्यक्रम में श्री तिवारी, सरपंच शिव नारायण धुर्वे ,उपसरपंच रविशंकर पासी, डॉ गणेश पटेल कुलदीप शर्मा और सूरज नोरिया बतौर अतिथि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी खेल प्रमोटर बशारत खान ने प्रेस विज्ञप्ति में दी आयोजन को सफल बनाने में समिति संयोजक शुभम पटेल, पवन, सौरभ और रामसिंह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी भारी संख्या में उपस्थित रहे

आज 1 से 2 बजे तक रहेगी विद्युत प्रवाह बाधित

नर्मदापुरम, 05 जनवरी 2025 मंगलवार 06 जनवरी को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक 11 के.व्ही. हिलव्यूहोम फीडर ल पर मैन्टेनेंस किया जाना है।

किए जाने वाले कार्य की प्रवृत्ति को देखते हुए विद्युत बंद रहने के समयवाधि बढ़ाई जा सकती है। मेंटेनेंस के दौरान साई हेवन सिटी, साई ग्रीन सिटी हिल व्यू होम, साई सिटी, मारूती नगर, डबल फाटक, सीयाराम नगर, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी रेवा ब्लू, साई, दर्शन, साई किरण, पिंक एवेन्यू, फेफरताल, हरदा बाईपास आदि क्षेत्र की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा।

देर रात कड़ाके की ठंड में नपाध्यक्ष ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 05 जनवरी रविवार देर रात इस कड़ाके की ठंड में जब सब लोग घर में दुबके हुए थे तब नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में पुख्ता इंतजाम, प्रतिदिन साफ सफाई रखने, रूम हीटर जलाने तथा पेयजल की व्यवस्था रखने के केयर टेकर्स को निर्देश दिए। उन्होंने नपा द्वारा जलाए जा रहे अलाव संबंधी जानकारी ली। बस स्टेंड पर स्थित रैन बसेरे के सामने खड़ी बस पर नाराजगी जताई तथा उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा सेठानीघाट स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया। यहां कचरा देख केयर टेकर पर नाराजगी व्यक्त की तथा केयर टेकर अजय गौर से समूचे रैन बसेरा में पेयजल व्यवस्था, शौचालय की उचित साफ सफाई तथा स्वच्छ कंबल परिक्रमावासियों और श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएं जाने के निर्देश दिए।

बस स्टेंड के सामने स्थित रैन बसेरे का भी नपाध्यक्ष द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां रुके हुए यात्रियों, परिक्रमावासियों और श्रद्धालुओं से व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

नगर कांग्रेस ने घंटा बजाकर किया प्रदर्शन

सोहागपुर. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 16 निर्दोष नागरिकों की मौत कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही से की गई हत्या है।जब पत्रकार इस पर जवाब मांगते हैं, तो सत्ता के अहंकार में डूबे भाजपा नेता वरिष्ठ पत्रकार को घंटा जैसे अपशब्दों से अपमानित करते हैं। यह न केवल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान है, बल्कि उन पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जिन्होंने अपनों को खोया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी करी।

चाइनीज मांझा वालों के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

इटारसी, 05 जनवरी मकर संक्रांति की खुशियों में चाइनीज मांझा का जहर घोलने वालों के खिलाफ पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे से होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं की आशंका के बाद, पुलिस प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। इसी कड़ी में इटारसी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मांझा बेचते एक युवक को दबोचा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगाली कॉलोनी स्थित शुभरब किराना स्टोर की आड़ में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। थाना इटारसी की टीम ने घेराबंदी कर दुकान पर आकस्मिक छापा मारा, जहां दुकान संचालक सौरभ हालदार 25 वर्ष को प्रतिबंधित मांझा बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से अवैध चाइनीज मांझा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस अब शहर के अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी पैनी नजर रख रही है। प्लास्टिक और कांच के मिश्रण से बना यह मांझा इंसानों और पक्षियों के लिए किसी घातक हथियार से कम नहीं है।

रजक समिति ने रामकथा का आयोजन किया

पिपरिया रजक समाज सेवा समिति के तत्वाधान में रजक मानस मंडल द्वारा रामकथा व मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। रजक समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम गोकुल प्रसाद डोगरे के निवास पर सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिसमें रामकथा मे व्याख्याकार जेपी मालवीय द्वारा रामायण के दोहो का व्याख्यान किया गया तथा ढोलक पर बीएल विश्वकर्मा व राजाभाई बाथरे ने सहयोग किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के चुनाव में सर्वाधिक मतो से निर्वाचित होने वाले सहसचिव राजेश रजक का शाल श्रीफल व पुष्पगुच्छो से सम्मान किया.

सत्य के मार्ग पर चलकर हम भवसागर पार कर सकते हैं

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 05 जनवरी सिवनी मालवा तहसील के समीपस्थ ग्राम कहारिया में विश्वकर्मा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व ग्राम के श्रीराम जानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर कथा स्थल पहुँची जहां पूजन अर्चना के बाद प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित राकेश दीक्षित ने संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया। कथा वाचक पंडित राकेश दीक्षित ने प्रथम दिवस की कथा श्रवण में बताया कि राजा परिक्षित जी ने सात दिवस में मोक्ष का द्वार खोज लिया था तो हम भी सत्य प्रेम करूणा के मार्ग पर

चलकर भव सागर पार करने का मार्ग खोजे। कथा में संगीतमय भजन सुनकर भक्तों ने जमकर नाचते गाते परमानन्द प्राप्त किया। भगवान के जयकारो से पूरा पांडाल गूंज उठा। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाव-विभोर होकर कथा का श्रवण कर भगवान के चरणों में समर्पित होकर भक्ति रस का पान किया। आयोजनकर्ता लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं समस्त विश्वकर्मा परिवार ने कहा कि इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करे।

सकल हिंदू समाज ने हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया

पिपरिया सकल हिंदू समाज के द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन मधुकर बस्ती में संपन्न हुआ। मधुकर बस्ती में समाजजनो व मातृशक्ति की उपस्थिति में चिंताहरण हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई मातृशक्ति ने की। कलश यात्रा के दौरान रथ में सवार होकर भारत माता चल रही थी जिनका कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूजन अर्चन किया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। कार्यक्रम के दौरान पं.जीवनराम शास्त्री ने कहा कि वर्तमान परिवेश में हिंदू समाज अनेक तरह की समस्याओं से ग्रसित है।

कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज के मांगलिक भवन का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 05 जनवरी कुशवाहा मौर्य क्षत्रिय समाज संगठन सोहागपुर के द्वारा ग्राम करनपुर तहसील सोहागपुर में सामाजिक मंगल भवन का लोकार्पण ,प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन, और सावित्रीबाई फुले जयंती का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री दर्शन सिंह जी चौधरी जी उपस्थित हुए अध्यक्षता श्री विजयपाल सिंह जी ठाकुर विधायक सोहागपुर, श्रीमती सविता दीवान शर्मा जी, अखिल भा.कुश.महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नरेश कुशवाहा जी ग्वालियर से महामंत्री प्रांतीय कुशवाहा समाज भोपाल से गोपाल कुशवाहा एवं हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित हुए विवाह योग्य युवक युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया इस अवसर पर परिचय सम्मेलन के अवसर पर पुस्तिका संस्कारिका का विमोचन भी किया गया आप पास के जिलो से बड़ी संख्या में वरिष्ट सामाजिक बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प

सिवनी मालवा नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक के गृह ग्राम बघवाड़ा में घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के मध्य झड़प भी हुई और पुलिस ने एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को गाड़ी में बिठाकर थाने भेजा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिवनी मालवा गांधी चौक से विधायक के गृह ग्राम बघवाड़ा तक वाहन रैली निकाली। रैली में कार्यकर्ताओं ने हाथ मे झंडा और घन्टा बजाते नारेबाजी करते हुए पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने विधायक के निवास पर घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराने की योजना बनाई.

रेलिंग व क्रेश बेरियर टूटे, राहगीरों को हो रहा दुर्घटना का अंदेशा

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 05 जनवरी पिपरिया पचमढी मार्ग पर मटकुली पिपरिया के बीच एमपीआरडीसी द्वारा पिछले वर्षो में डामरीकरण,कांक्रीट व पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया गया साथ ही डब्लूबीएम क्रेश बेरियर व कांक्रीट दीवार का कार्य भी किया था परंतु इस ओर ध्यान न देने से जगह जगह रेलिग व डब्लूबीएम क्रेश बेरियर टूट गये है जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है।पिपरिया मटकुली के बीच सिद्धबाबा के आगे पुलियां के पास पिछले वर्ष एक्सीडेंट के कारण रेलिग टूट गई थी। वही डब्लूबीएम क्रेश बेरियर व रेलिग पुलिया के पास टूटी हुई है। डब्लूबीएम क्रेश बेरियर व रेलिग का सुधार नही हुआ तो कभी भी गंभीर दुर्घटना घट सकती है। वही इस मार्ग पर सडक़ के दोनो ओर कई जगह पेड़ पौधे व घास लगी हुई है जिससे आसपास सोल्डर में गड्ढे नही दिखते है जिसके कारण कई बार वाहन सडक से नीचे उतरकर दुर्घटना का शिकार होते होते बचे है। पिपरिया पचमढी मार्ग पर पिपरिया छिंदवाडा की ओर से सैकडो की तादाद में वाहन का आवागमन होता है। सडक के अंधे मोडो पर गंभीर दुर्घटनाओ की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में एमपीआरडीसी नर्मदापुरम के संभागीय प्रबंधक सियाराम अहिरवार से चर्चा की तो आपने बताया कि पिपरिया पचमढी मार्ग पर रोलर क्रेश बेरियर लगाने हेतु व अन्य कार्य करने टेंडर लगाये जा रहे है शीघ्र ही कार्य शुरू होगा। पिपरिया पचमढी मार्ग पहाडी रास्ते पर अंधे व खतरनाक मोडो पर रोलर क्रेश बेरियर लगने से वाहनो की सुरक्षा होगी। वही जहां जहां भी दिक्कते है वहा सुधार कराया जावेगा। वाहनो की सुरक्षा के लिये संकेतक स्पीड ब्रेकर के साथ रेडियम पट्टियां भी लगाई गई है जिससे अंधेरे में भी वाहनो की लाइट के कारण रेडियम पट्टियां चमकती है जिससे वाहन चालक मोडो पर सावधान हो जाते है। सडक़ पर भी हुए गड्ढे-पिपरिया मटकुली,पचमढी मार्ग पर कई जगह पिछले वर्षो में हुए डामरीकरण के बाद ध्यान न देने के कारण गड्ढे हो गये है.

दो दिनो से घना कोहरा व मौसम में ठंडक

पिपरिया दो दिनो से घना कोहरा व तेज ओस गिरने से प्रातस्से मौसम में ठंडक आ गई। कोहरे के कारण प्रात: व रात्रि में लोग वाहनो को सावधानी से चलाते देखे गये। प्रात: तो शहर की सडक़ो पर सन्नाटे जैसी स्थिति देखने मे आई। दिनभर मौसम ठंडा होने से दुकान व घरो के सामने अलाव जलते देखे गये।

कथा के चौथे दिन कार्तिक व गणेश जन्म

नवभारत न्यूज

हरदा, 05 जनवरी सेठ हरिशंकर अग्रवाल मांगलिक भवन हरदा में महिला मंडल अग्रवाल समाज और अग्रवाल युवा मंडल द्वारा शिव महापुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक पंडित लालाजी दाधीच हैं और यह कथा 2 जनवरी से 8 जनवरी तक चलेगी। कथा के चौथे दिन पंडित जी ने कार्तिक जी के जन्म और गणेश जी के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि इनका जन्म किस प्रकार से हुआ था।

गणेश जन्म के उपलक्ष्य पर महिला मंडल द्वारा बधाई बांटी गई,रोज सुबह 9:00 बजे पार्थिव शिवलिंग का पूजन और अभिषेक किया जा रहा है। इस अवसर पर वृंदावन के कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई।

शा. मॉडल स्कूल में कक्षा 9वीं का प्रवेश प्रारंभ

माखननगर शा. मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माखननगर में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन (ऑनलाइन) कियोस्क के माध्यम से किए जाएंगे । आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 निर्धारित है । प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी । यह जानकारी प्राचार्य प्रीति झा ने दी ।

पेयजल टंकियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से की जाए : कमिश्नर

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/05,जनवरी,2026 नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को निर्देश दिए की वह पेयजल टंकियो की साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि कई जगह से यह शिकायत आ रही हैं कि कई दिनों से पेयजल टंकियो की साफ सफाई नहीं हुई है इससे लोगों में असंतोष भी है। कमिश्नर ने पेयजल टंकियो के साथ ही वाटर टैंको की साफ सफाई भी कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने कहां की शहर की आंतरिक सड़कों की स्थिति भी ठीक नहीं है जगह-जगह से गड्ढे हो रहे हैं अत: सड़कों की मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य नगर पालिकाएं प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को संभागीय समय सीमा की बैठक ले रहे थे। कमिश्नर ने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन निर्माण कार्यों की शासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है ऐसे सभी निर्माण कार्य के टेंडर प्राथमिकता से लगाए जाएं, टेंडर के पश्चात संबंधित एजेंसी को वर्क आर्डर भी दिया जाए और निर्माण कार्य तेज गति से कराना सुनिश्चित किया जाए। कमिश ?नर श्री तिवारी ने राजस्व संग्रहण करने वाले विभाग खनिज, आबकारी, नगरीय प्रशासन, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत राजस्व संग्रहण करने का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने शिक्षा विभाग जनजाति कार्य विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की परिवीक्षाधीन अवधि पूरी होने पर उन्हें शासन द्वारा मिलने वाले लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन कर्मचारियों की 10, 20, 30 साल की सेवा पूरी हो चुकी है उन्हें प्राथमिकता से समय मान वेतनमान भी दिया जाए।

कुश्ती प्रतियोगिता नगर के कॉलेज मैदान पर हुआ स्व. ठाकुर प्रताप भानुसिंह चौहान स्मृति दंगल

कुश्ती प्रतियोगिता के 89वें वर्ष में 53 पहलवानों ने लगाए दांव

मालखेड़ी, कटनी, गाडरवारा व इटारसी के एक-एक सोहागपुर एवं बाड़ी के दो - दो पहलवान तथा जबलपुर व मंडीदीप के तीन - तीन पहलवान विजयी हुए।

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 05 जनवरी इंट्रो- स्वतंत्रता संग्राम सैनानी स्व. ठाकुर प्रताप भानुसिंह चौहान स्मृति राज्य स्तरीय दंगल रविवार को कालेज में संपन्न। इस बार आयोजन के सतत 89 वें वर्ष में पहलवानों ने अद्भुत कुश्ती कला व कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल ने बताया कि दंगल में जोड़ों ने मेट पर कुश्ती लड़ी। इस बार 53 जोड़ों के बीच कुश्ती हुई, जिनमें से 48 पुरुष व पांच महिला पहलवान सहभागी हुए। महिला व पुरुष पहलवान मप्र के मंडीदीप, हरदा, जबलपुर, इटारसी, बरेली, कटनी, सिवनी छपारा, सीहोर, नरसिंहपुर, खंडवा, गाडरवारा, रायसेन, बुधनी व सोहागपुर से प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे। विजय अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान कॉलेज समिति अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल, लक्ष्मी नारायण सोनी, हरिहर सिंह ठाकुर, बीके शर्मा, जयप्रकाश माहेश्वरी, मंजेश पटेल, रूप नारायण शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, भास्कर मांझी, संजय खंडेलवाल, धनराज तिवारी, शंकर मालवीय, हामिद अली, राधेश्याम रघुवंशी, सुधीर ठाकुर, प्रशांत जायसवाल, चुन्नीलाल मुद्गल, अभिषेक चौहान, अभिषेक अग्रवाल, अभिनव पालीवाल, अश्वनी सरोज, आकाश पटेल, रामगोपाल चौबे व अन्य अतिथि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका देवीप्रसाद दुबे, अभिषेक चौहान, शालकराम सूर्यवंशी और नितिन कहार ने निभाई। आयोजन में पहलवानों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

उत्कृष्ट पहलवानों को ट्रॉफी दी गई। आयोजन समिति के अनुसार मालखेड़ी, कटनी, गाडरवारा व इटारसी के एक-एक पहलवान, सोहागपुर एवं बाड़ी के दो - दो पहलवान तथा जबलपुर व मंडीदीप के तीन - तीन पहलवान विजयी हुए। वहीं हरदा के चार पहलवान प्रतियोगिता में विजयी हुए।